# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर

## विज्ञप्ति

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ०प्र०, लखनऊ के पत्र संख्या के०जी०बी०वी०/11308/2022–23 दिनाँक:14–02–2023 एवं शासनादेश संख्या 1553/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5, लखनऊ, दिनांक 11 दिसम्बर 2020 के अनुपालन में जिलाधिकारी/अध्यक्ष चयन समिति महोदय की अनुमतिपरान्त जनपद कुशीनगर मे संचालित 14 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पद के सापेक्ष शिक्षिकाओं, कर्मियो के पदो पर नियुक्ति/चयन (संविदा आधारित) हेतु वर्णित अर्हताधारी अभ्यर्थियों से शैक्षिक सत्र 2024–25 में कार्य करने हेतु निर्धारित प्रारुप पर दिनाँक 23 नवम्बर 2024 सायं 5:00 बजे तक **कार्यालय–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रविन्द्रनगर धूस, पडरौना, जनपद–कुशीनगर, 274304** में निर्धारित शर्तों के अधीन पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंन्त्रित किये जाते है। उक्त आवेदन पंजीकृत डाक के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नही किये जायेगें। रिक्त पदो का विस्तृत विवरण, आवेदन पत्र का प्रारुप एवं विस्तृत दिशा–निर्देश http://kushinagar.nic.in पर उपलब्ध है। पदों का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | पद नाम | रिक्त पदों की आरक्षित श्रेणी | | | | | कुल रिक्त पद | प्रति माह मानदेय (रू0) | दिनांक 01.04. 2024 को आयु (वर्षों में) | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | EWS | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु0 जाति | अनु0 जन–जाति | | | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (भाषा) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 24,200/– | 25–45 वर्ष | (हिन्दी एवं संस्कृत से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी०) |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (विज्ञान) | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 3 | 24,200/– | 25–45 वर्ष | (जेड०बी०सी० वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी०) |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (गणित) | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 24,200/– | 25–45 वर्ष | (पी०सी०एम० वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी०) |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (अंग्रेजी) | 1 | 0 | 2 | 1 | 0 | 4 | 24,200/– | 25–45 वर्ष | (अंग्रेजी से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी०) |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका (सामाजिक विषय) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 24,200/– | 25–45 वर्ष | (भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में से किसी एक विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी०) |
| 6 | अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर) | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | 6 | 12181/– | 25–45 वर्ष | कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक |
| 7 | अंशकालिक शिक्षिका (स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा) | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 3 | 12181/– | 25–45 वर्ष | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा–बी०पी०एड०,सी०पी०एड एवं डी०पी०एड० आदि उपाधि |
| 8 | अंशकालिक शिक्षिका (कला, क्राफ्ट एवं संगीत/गृह शिल्प) | 2 | 1 | 0 | 2 | 0 | 5 | 12181/– | 25–45 वर्ष | कला, काफ्ट एवं संगीत/गृह शिल्प |
| 9 | लेखाकार | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 13673/– | 25–45 वर्ष | स्नातक वाणिज्य एम०एस०ऑफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य। डी०ओ०ई० एन०सी०सी० या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में "ओ" लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यता की दशा में अभ्यर्थी को चयन में वरीयता। |
| 10 | मुख्य रसोईया | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 8577/– | 25–45 वर्ष | कक्षा 8 उत्तीर्ण तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। |
| 11 | सहायक रसोईया | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 6433/– | 25–45 वर्ष | |
| 12 | चपरासी | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 | 7147/– | 25–45 वर्ष | |
| 13 | चौकीदार | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 7147/– | 25–45 वर्ष | |
| कुल | | 15 | 5 | 5 | 8 | 0 | 33 | | | |

**नियम एवं शर्तेः–**

1. रिक्त पदो की संख्या घट–बढ़ सकती है।
2. समस्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थी का ही चयन किया जायेगा।
3. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर पद, आरक्षण एवं विषय का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना अनिवार्य है।
4. दिनाँक 01–04–2024 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक न हो।
5. राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधान के अनुसार आरक्षण जनपद स्तर पर देय होगा।
6. पूरित आवेदन पत्र समस्त वांछित प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति सहित पंजीकृत डाक से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रविन्द्रनगर धूस, कुशीनगर में दिनॉक 23–11–2024 की सायं 05:00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेगें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नही होगे।
7. आवेदक आवेदन पत्र के साथ 02 लिफाफे, जिस पर 42–42 रुपये के डाक टिकट लगे हुये हो तथा जिस पर अभ्यर्थी का नाम, पता, मोबाईल नंम्बर व पिन कोड स्पष्ट लिखा हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. उपरोक्त विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार समिति को होगा, जिस पर कोई भी दावा स्वीकार नही होगा। उक्त विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि संधान के अधीन होगी।
9. अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित/साधारण डाक से प्राप्त/कटिंग/ओवरराइटिंग/निर्धारित प्रारुप से इतर एवं वांछित प्रमाण पत्र संलग्न न होने आदि की दशा मे आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बधित आवेदक का होगा।
10. चयन के सम्बंध में जिला स्तरीय चयन समिति का निर्णय स्वीकार होगा।
11. किसी भी सेवा में बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नही होगें।
12. चयनित अभ्यर्थियो के शैक्षिक योग्यता सम्बधी प्रमाण पत्रो का सत्यापन अनिवार्यतः कराया जायेगा। चयन के पूर्व या पश्चात् किसी भी प्रमाण पत्र/कागजात के फर्जी/कूटरचित पाये जाने की दशा में सम्बधित आवेदक के विरुद्ध विधिक नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
13. शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर सभी कर्मचारी 11 माह 29 दिन के अनुबन्ध पर रखे जायेंगे, यह अनुबन्ध कार्य का होगा। कार्मिको के कार्य एवं व्यवहार का वार्षिक मूल्यांकन किया जायेगा एवं संतोषजनक पाये जाने पर ही व जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त संविदा का नवीनीकरण किया जायेगा।
14. उल्लिखित मानदेय मे नियोक्ता का 13 प्रतिशत ई0पी0एफ0 अंशदान सम्मिलित है।
15. उपरोक्त चयन प्रक्रिया विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या 13553/2022/स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या एवं अन्य मे माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगी।
16. तैनाती से पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी से निर्गत फिजिकल फिटनेश प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा।
17. उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश कार्मिक अनुभाग–2 संख्या–5/2019/4/1/2002/का–2/2019 टी.सी.1 लखनऊ, दिनांक:23 अक्टूबर, 2019 के अनुसार "यदि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए चिन्हांकित पदों की रिक्तियों के सापेक्ष उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं, तो उक्त रिक्तियों को आगामी चयन वर्ष में बैकलॉग के रूप में अग्रेनीत नहीं किया जायेगा और उक्त रिक्ति को अनारक्षित वर्ग के अर्ह अभ्यर्थियों द्वारा भरा जायेगा।"
18. के०जी०बी०वी० में कार्यरत रहे कर्मियों को राज्य परियोजना कार्यालय के दिशानिर्देशानुसार/नियमानुसार अनुभव पर चयन में भारांक देय होगा।

**पंकज कुमार गौतम**
**जिला समन्वयक (बा.शि.)**
**कुशीनगर**

**डा. (राम जियावन मौर्य)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**कुशीनगर**

पत्रांकः एस.एस.ए./के.जी.बी.वी./नियुक्ति/16440-48/2024-25 दिनांक 07.11.2024